राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

अंक : 28 **अप्रैल-जून 2021**

<u>प्रधान संरक्षक</u>

श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार

प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक

<u>संरक्षक</u>

श्रीमती अर्चना नायक

संयुक्त आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल

<u>संकल्पना और संपादन</u>

श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,

वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु

जीएसटी दिवस

केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा दिनांक 01-07-2021 के अपराह्न 02:15 बजे <u>वीडियो कॉन्फरेंसिंग के जरिए</u> <u>जी.एस.टी. दिवस 2021</u> को मनाया गया । केंद्रीय कर, प्रधान आयुक्त का कार्यालय, लेखापरीक्षा आयुक्तालय, मैसूरु की प्रधान आयुक्त श्रीमती भाग्या देवी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और जीएसटी का शुभारंभ और वर्तमान में हुए परिवर्तन के बारे में बताया ।



श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार

डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी

तदुपरांत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नारायणा हेल्थ के अध्यक्ष और कार्यकारी निदेशक डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी ने अपने भाषण में करोना से बचने केलिए टीका की ज़रूरत और विविध आयामों पर विस्तृत जानकारी दी । सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के मुख्य आयुक्त एवं समारोह के विशिष्ट अतिथि श्री एम. श्रीनिवास ने जीएसटी की कल्पना और रूपरेखा के बारे में संबोधन किया । समारोह के एक और विशिष्ट अतिथि वोल्वो ग्रूप के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री कमल बाली ने भारत में जीएसटी का आरंभ और एक राष्ट्र एक कर, जो विश्व में ही एक अनोखा कड़ी बताई । तदुपरांत केंद्रीय कर, प्रधान आयुक्त का कार्यालय, लेखापरीक्षा आयुक्तालय, मैसूरु की प्रधान आयुक्त श्रीमती भाग्या देवी के करकमलों से विभागीय अधिकारियों को प्रशंसा पत्र नवाज़ा गया । फिर व्यापार और उद्योग के उत्कृष्ट करदाताओं को प्रशंसा पत्रों की घोषणा की गई । अंत में, केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु अंचल की संयुक्त आयुक्त श्रीमती अर्चना नायक ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया । केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु अंचल के उपायुक्त डॉ. निर्मल जॉय ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु अंचल की अवर श्रेणी लिपिक सुश्री तनुश्री चंद्रा ने प्रार्थना गीत प्रस्तुत की ।



श्री एम. श्रीनिवास



श्री कमल बाली



श्रीमती भाग्या देवी



श्रीमती अर्चना नायक

डॉ. निर्मल जॉय

सुश्री तनुश्री चंद्रा

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा

प्रशंसा प्रमाण पत्र

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड, नई दिल्ली ने जीएसटी दिवस पर उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु अंचल की संयुक्त आयुक्त श्रीमती अर्चना नायक को एवं डीजीजीआई दक्षिण के उप निदेशक श्री आशुतोष कुमार को प्रशंसा प्रमाण पत्रों से नवाज़ा गया ।

वर्ष 2021 के लिए उत्कृष्ट समग्र निष्पादन के लिए

प्रधान मुख्य आयुक्त के युवा अधिकारी का पुरस्कार

बेलगावी आयुक्तालय के सहायक आयुक्त

श्री कटकर अजिंक्या हरी

जीएसटी दिवस पर प्रशंसा पत्र विजेता

इन सभी अधिकारियों को ढेर सारी

शुभकामनाएं ।

हिंदी कार्यशाला

दिनांक 16.06.2021 एवं दिनांक 17.06.2021 को नासीन, बेंगलूरु के तत्वावधान में केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के समूचे कर्नाटक में कार्यरत अधीक्षकों के लिए केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस उपलक्ष्य में कार्यशाला का उद्घाटन में केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय की संयुक्त आयुक्त श्रीमती अर्चना नायक राजभाषा कार्य हमेशा उत्तरोत्तर दिशा में होने के बारे में संदेश दिया। दिनांक 16.06.2021 के पूर्वाहन के सत्र में एच.ए.एल. के सेवानिवृत्त उप महा प्रबंधक (राजभाषा) डॉ.शंकर प्रसाद और अपराहन के सत्र में क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय के उपनिदेशक (राजभाषा) श्री कुमार पाल शर्मा ने और दिनांक 17.06.2021 के पूर्वाहन के सत्र में डी.आर.डी.आर., बेंगलूरु के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी डॉ.एस.एन. महेश और अपराहन सत्र में डॉ.जी.आर. चौधरी ने व्याख्यान दिया ।

इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें ।

आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।